हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 28 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में जिले में निकाली...



14 समाधान शिविर में 549 हितग्राही लाभान्वित





**आवश्यकता है**
कुरियर कंपनी को ऑफिस कार्य / पार्सल वितरण कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है।
वेतन - पार्सल बेस 15-14 रूपये + इन्सेन्टिव राशि + सैलरी बेस
संपर्क
एक्सप्रेस विज कुरियर
मीशो कुरियर (बलौदाबाजार)
7354384936, 7566091245

# खरीफ सीजन के लिए किसान शीघ्र करें खाद-बीज का उठाव

## जिले में 23223 मेट्रिक टन उर्वरक एवं 14898 मेट्रिक टन बीज़ भंडारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ सीजन में खाद एवं बीज का भण्डारण सहकारी समितियों में किया जा रहा है, ताकि किसानों क़ो खाद बीज़ लेने में कोई दिक्कत न हो। किसान आवश्यकता अनुसार खाद बीज़ का शीघ्र अग्रिम उठाव कर लें। अब तक़ जिले में 23223 मेट्रिक टन खाद एवं 14898 मेट्रिक टन बीज़ का भण्डारण किया गया है। उप संचालक क़ृषि दीपक कुमार नायक ने बताया कि खरीफ वर्ष 2025 हेतु सहकारी समितियों में खाद मांग यूरिया 27000 मे.टन, डी.ए.पी. 5000 मे.टन, पोटाश 2320 मे.टन, सिंगल सुपर फास्फेट 8051 मे.टन एवं एन.पी.के. 15765 मे. टन कुल 58136 मे.टन के विरूद्ध वर्तमान में यूरिया 11757 मे.टन, डी.ए.पी. 3056 मे.टन, पोटाश 2048 मे.टन, सिंगल सुपर फास्फेट 3026 मे.टन तथा एन.पी.के. 3336 मे.टन कुल 23223 मेट्रिक टन खाद भण्डारित हैं। इसी प्रकार जिले का कुल बीज मांग 37760 क्विं. के विरूद्ध सहकारी समितियों में धान स्वर्णा 12260.70 क्विंटल, महामाया 1250.10 क्विंटल तथा विक्रम टी.सी.आर 60 क्विंटल कुल 14898 क्विंटल बीज भण्डारित हैं। बीज एवं उर्वरक निरीक्षकों के माध्यम से सहकारी समितियों में भण्डारित खाद एवं बीज के नमूने लिया जाकर तत्काल प्रयोगशाला को परीक्षण हेतु प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।



### खाद एवं बीज कृषकों को तत्काल वितरण के निर्देश

कलेक्टर सोनी ने नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. बलौदाबाजार को समितियों में भण्डारित खाद एवं बीज को कृषकों को तत्काल वितरण के निर्देश दिये हैं। साथ ही जिला विपणन अधिकारी को सभी सहकारी समितियों में कृषकों के मांग अनुरूप खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करनें के निर्देश दिये गये हैं। इसी प्रकार प्रक्रिया प्रभारी बीज निगम को तत्काल किसानों के मांग अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण बीजों के भण्डारण के निर्देश दिये हैं।

## खबर संक्षेप

### मोहरा में सुशासन तिहार आज

**हिरमी-रावन** | मोहरा में सुशासन तिहार समाधान शिविर में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होंगे। सुशासन तिहार का आयोजन 28 मई को ग्राम मोहरा के स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया है। इस तिहार में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा शामिल होंगे, जहां वे समस्याओं का मौके निराकरण करेंगे। भाजपा सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने बताया कि यह शिविर सुशासन और जनसेवा की भावना से प्रेरित है। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, महिलाओं और युवा साथियों से अपील की है कि वे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और इस जनकल्याणकारी आयोजन को सफल बनाएं।

### आज अर्जुनी के हाईस्कूल में लगेगा समाधान शिविर

**अर्जुनी।** तीसरे चरण में लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए कलस्टर स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं से जोड़ते हुए उनके स्थानीय समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सके। जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत अर्जुनी के शासकीय हाईस्कूल में 28 मई को सुबह 10 से शाम 05 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन रखा गया है। समाधान शिविर अर्जुनी क्लस्टर के अंतर्गत अर्जुनी, खैरताल, भद्रापाली, रवान, कुकुरदी, भरसेली, ढनढनी, करमनडीह, सरकीपार, भरुवाडीह एवं सेम्हराडीह सहित 11 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण शामिल होंगे। वहीं अर्जुनी क्लस्टर समाधान शिविर के लिए वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी लोकनाथ दीवान को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### बैटरी चोरी करने की कोशिश, लोगों ने पकड़ा

**महासमुंद।** ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने का प्रयास कर रहे एक व्यक्ति को गांव के लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। मामले में कोतवाली में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रार्थी भूषणलाल ध्रुव निवासी ग्राम साल्हेभाठा ने पुलिस को बताया कि 24 मई की रात करीब 2 से 3 बजे के मध्य उठकर घर से बाहर गांव की गली की ओर गया। इस दौरान देखा कि गली में एक व्यक्ति वहां खड़े एक ट्रैक्टर से बैटरी को निकालने का प्रयास कर रहा था। इसके बाद उसने पड़ोसी लिलेश्वर ध्रुव, संतोष ध्रुव व अन्य लोगों को उठाया और सभी के सहयोग से बैटरी चोरी करने का प्रयास कर रहे आरोपी को पकड़ा गया। जिसे डायल 112 पुलिस को बुलाकर थाना लेकर आए।

### विवाद करने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम नरसैयापल्लम के एक व्यक्ति के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरतराम भोई ने बताया कि 25 मई की रात करीब 8 बजे उसके घर के सामने महिलाएं वाद विवाद कर रहीं थी। जिन्हें उसने झगड़ा करने से मना किया। इस पर गांव के तुलाराम भोई, आशाराम भोई एवं बलभद्र भोई ने वहां आकर तुम मना करने वाले कौन होते हो कहते हुए एकराय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे।

## अपराध : पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# पत्नी से नशेड़ी पिता कर रहा था विवाद आवेश में बेटे ने डंडे से पीटकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले में एक बेटे ने मामूली विवाद में अपनी पिता की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को धारा 103 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। मामला पलारी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम 55 वर्षीय कामता प्रसाद कुर्रे था। वह ग्राम गातापार का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि, सोमवार 26 मई की रात को अपनी पत्नी के साथ किसी पारिवारिक बात को लेकर विवाद कर रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि, छोटे पुत्र चंद्र शेखर कुर्रे ने गुस्से में आकर पास में रखे डंडे से अपने पिता की पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।



### मां से कर रहा था विवाद

इस घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की गंभीरता को समझते हुए जांच प्रारंभ की गई। घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए गए और परिजनों के बयान दर्ज किए गए। पूछताछ के दौरान मृतक के छोटे पुत्र से संदेह हुआ है। इसके बाद सख्त से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकारकर लिया। बताया जा रहा कि, घटना के समय उसका पिता नशे की हालत में था और घर में मां से विवाद कर रहा था। इसी दौरान उसने गुस्से में आकर डंडे से पिता की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ धारा 103 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर लिया है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

पलारी। ग्राम कुसमी में मंगलवार को बाइक चालक मवेशी से टकरा गया, जिससे वह अपने साथी के साथ सड़क पर गिर गया। इस घटना में चालक को सिर और सीने में गंभीर चोट पहुंची, जहां उसकी मौके पर मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी में परिजनों ने बताया कि, ग्राम कोसमंदी निवासी संतोष बंजारे और हर्ष सेन एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर सामान खरीदने पलारी जाने के लिए निकले, लेकिन कुछ और काम को लेकर पलारी से गुजरकर ग्राम जारा जाने के लिए निकल गए। ग्राम कुसमी पहुंचे ही थे, कि उनकी मोटरसाइकिल से मवेशी टकरा गया। उस समय रिमझिम बारिश भी हो रही थी, जिससे मोटरसाइकिल सवार अनियंत्रित होकर गिर गए, जिससे चालक संतोष बंजारे के सीने और शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोटे आई और मौके पर उसकी मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे प्रमोद सेन को चोटे आई है, उसे सीएससी पलारी में भर्ती कराया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



# ट्रक से बैटरी की चोरी तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

थाना हथबंद पुलिस ने ट्रक से बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई ट्रक की बैटरी एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

■ आरोपियों ने नवापारा स्थित ढाबा के पास खड़े ट्रक से की थी बैटरी की चोरी

जानकारी के अनुसार 16 मई को ट्रक चालक विकास पांडे द्वारा थाना हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह 15 मई को अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट से सीमेंट लोड कर ट्रक क्र. सीजी 04 एनआर 2593 में सुहेला होते हुए कवर्धा जा रहा था। रास्ते में ग्राम नवापारा स्थित सूरज ढाबा में खाना खाने के लिए रुका। वापस आकर जब उसने ट्रक स्टार्ट करने की कोशिश की, तो ट्रक स्टार्ट नहीं हुआ। जांच करने पर पाया गया कि ट्रक की बैटरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। इस पर थाना हथबंद में अपराध धारा 303(2), 3(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी केसी दास के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक भालचंद्र, कृष्ण कुमार व महिला प्रधान आरक्षक जागेश्वरी वर्मा की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन संदिग्ध ग्राम खम्हरिया थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी 21 वर्षीय रंजीते मरकाम, 20 वर्षीय समीर मरकाम और ग्राम अकलतरा थाना भाटापारा ग्रामीण निवासी 21 वर्षीय अविनाश गर्ग को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रात के अंधेरे में मोटरसाइकिल ▶▶ शेष पेज 13 पर

# खाद्य एवं औषधि विभाग की तीन दुकानों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

■ पैकेजिंग मटेरियल के सैंपल जांच के लिए भेजे

इसी क्रम में मंगलवार को विभाग की टीम ने जिले के तीन संस्थानों पर दबिश देकर पैकेजिंग मटेरियल के सैंपल लिए और उन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा ने बताया कि भाटापारा स्थित सागर इंडस्ट्रीज से पैकेज्ड फूड ड्रिंकिंग वाटर पाउच का सैंपल लेकर उसे राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके अतिरिक्त बलौदाबाजार में संचालित बीपी वाटर प्लांट एवं देवेंद्र एक्वा से 10 प्रकार के पैकेजिंग मटेरियल जैसे पेट बॉटल, पेट कैप, एलडीपीई एवं फिल्म पाउच का सैंपल लेकर उन्हें राज्य के बाहर की प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा गया है।

उन्होंने बताया कि सैंपलों की परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी। विभाग का यह अभियान उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में एक ठोस कदम है।खाद्य प्रशासन विभाग ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में ऐसे औचक निरीक्षण और भी संस्थानों पर किए जाएंगे, ताकि खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके।



## झमाझम बारिश ...



**पलारी।** क्षेत्र में मंगलवार दोपहर में गरज चमक के साथ झामझम बारीश हुई, जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी परिसर जलमग्न हो गया। वहीं लगातार बारीश से नवतपा बेअसर रहा। इस बारीश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं कृषि कार्य में तेजी आएगी।

## शिवरीनारायण पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही आई सामने

# पहली बारिश में खुली गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

क्षेत्र में मंगलवार को हुई झमाझम बारिश से जहां गिधौरी - शिवरीनारायण मार्ग पर बने गड्ढों में लबालब पानी भर गया। गिधौरी - शिवरीनारायण धार्मिक नगरी पहुंच मार्ग की सड़क पर बार-बार मरहम पट्टी लगाकर पीडब्ल्यूडी विभाग शिवरीनारायण द्वारा खाना पूर्ति की जाती है। पहली बारिश ने सड़क पर की गई औपचारिक मरहम पट्टी की पोल खोल दी।

वर्त्तमान में जगह-जगह जानलेवा गड्ढे से सड़क हादसे का प्रमुख कारण बना हुआ है। गिधौरी - शिवरीनारायण मार्ग कि सड़क बुरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग पर चंद कदमों के भीतर दर्जनों बड़े-बड़े गड्ढे से गंभीर हादसों का कारण बन रहा है। बावजूद इसके जिम्मेदारों को इसमें कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। गिधौरी से शिवरीनारायण मार्ग से होकर बिलासपुर, जांजगीर, चांपा, कोरबा जाने के लिए मुख्य सड़क मार्ग एवं महानदी पुल है यहां से रोजना हजारों की संख्या वाहनों तथा राहगीरों का भी आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस मार्ग की जर्जर दुर्दशा पर नजर नहीं पड़ती। पीडब्ल्यूडी विभाग भी अनदेखा कर रहा है। इस मार्ग की सड़क खराब होने की जानकारी होने के बावजूद निष्क्रियता बरती जा रही है।



### हल्की बारिश ने खोली नपा में सफाई व्यवस्था की पोल

**सिमगा।** नगर पालिका में मंगलवार की शाम हुई हल्की बारिश ने नगर में सफाई व्यवस्था की पोल खोल दी। तिगड्डा चौक स्थित भाटिया रेस्टारेंट से बेमेतरा रोड में शिवनाथ नदी की ओर के दोनों ओर की नाली विगत कई वर्षों से चोक है। इस कारण पानी का बहाव रूक गया है। इस नाली की सफाई विगत कई वर्षों से नहीं हुई है या फिर यूं कहें कि जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान ही नहीं दिया। इस वजह से मोहल्ले वासियों के घरों में हर साल नाली का गंदा पानी घुसता है। इससे घर में रखे सामान को नुक्सान पहुंचता है। पूर्व पार्षद पिंटू माली ने बताया कि बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा प्रभावित उनका घर होता है, जहां नाली का गंदा पानी घर में घुस जाता है। सामान तो खराब होता ही हैं कई दिनों तक घर में बदबू रहती है। वहीं पूर्व अध्यक्ष भागवत सोनकर की दुकान के आगे अवैध कब्जा होने से नाली के गंदा पानी का बहाव रूक गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 1 भवानी नगर में भी नाली चोक हो गई है। सफाई नहीं होने के कारण आज हुई बारिश से नाली का कचरा सड़क पर फैल गया। जिसके उपर से चलने लोग मजबूर हैं। मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष, सीएमओ व पार्षदों से नाली की सफाई कराने की मांग की है।



# फाइव डे वर्किंग खत्म करने का कर्मचारी संघ करेगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार द्वारा पांच दिवसीय कार्य प्रणाली (फाइव डे वर्किंग) को समाप्त करने के प्रस्ताव का विरोध किया है। संघ के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे ने इस प्रस्ताव को कर्मचारीहितों के विरुद्ध बताया है और चेतावनी दी है कि यदि सरकार ऐसा कोई निर्णय लेती है, तो संघ प्रदेशव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।



■ नियम को खत्म करने पर कर्मचारियों की कार्यक्षमता और स्वास्थ्य पर पड़ेगा असर

मनोज दुबे ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लागू की गई पांच दिन वर्किंग प्रणाली एक दूरदर्शी एवं कर्मचारी हितैषी निर्णय था, जिससे कर्मचारियों को कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों पर पहले से ही कार्य का अत्यधिक दबाव है और सप्ताह में छह दिन कार्य कराने से न केवल उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होगी, बल्कि उनका स्वास्थ्य और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होगा।

उन्होंने यह भी कहा कि कर्मचारी कोई बंधुआ मजदूर नहीं हैं। उन्हें भी अपने घरेलू एवं सामाजिक दायित्वों को निभाने का अधिकार है। यदि शासन को कार्य की अधिकता की समस्या का समाधान करना ▶▶ शेष पेज 13 पर

# ढाई एकड़ में बनेगी नालंदा पार्ट-2 लाइब्रेरी, खर्च होंगे 23 करोड़, ड्राइंग तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज चौपाटी वाली जगह पर एक और हाईटेक लाइब्रेरी बनाई जाएगी।

■ 2.5 एकड़ जमीन पर जी प्लस-2 रीडिंग रूम-सह ई-लाइब्रेरी

हरिभूमि फॉलोअप

नालंदा पार्ट-2 के नाम से बनने वाली इस लाइब्रेरी की ड्राइंग-डिजाइन तैयार हो गई है। पैवेलियन शेप में 2.5 एकड़ जगह पर जी प्लस 2 रीडिंग रूम सह ई-लाइब्रेरी परियोजना की लागत 23 करोड़ रुपए है। एक हजार सीटर हाईटेक लाइब्रेरी में एक कांफ्रेंस हॉल भी बनाया जाएगा।

शहर में नालंदा परिसर की तर्ज पर युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी और शोध तथा अध्ययन कार्य करने जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज की चौपाटी वाली जगह पर सर्व सुविधायुक्त नई लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। नालंदा पार्ट-2 लाइब्रेरी 24 घंटे युवाओं के लिए खुली रहेगी। इसमें पुस्तक भंडारण के लिए 1200 पुस्तकों के लिए जगह बनाई जाएगी।

महापौर मीनल चौबे द्वारा निगम बजट में इसका प्रावधान करने के बाद धरातल पर इसे साकार रूप देने करीब 23 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन स्तर पर इसकी स्वीकृति के बाद निर्माण के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर होगा। रायपुर नगर निगम को इसके लिए निर्माण एजेंसी बनाया गया है। कुल मिलाकर तीन सेगमेंट लाइब्रेरी को बांटे जाएंगे, पहले सेगमेंट में स्कूल स्तर के विद्यार्थी, दूसरे में महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थी और तीसरे सेगमेंट में विश्वविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों को रखा जाना तय है।

### जी प्लस 2 हाईटेक लाइब्रेरी ड्राइंग डिजाइन तैयार

- 1000 सीटर लाइब्रेरी की क्षमता
- नालंदा की तर्ज पर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित कमेटी करेगी संचालन
- को-वर्किंग स्पेस, नीचे कांफ्रेंस हॉल रहेगा
- स्टूडेंट्स के लिए अलग से स्पोर्ट्स जोन
- रिफ्रेशमेंट के लिए नीचे कैफेटेरिया की सुविधा
- पार्किंग के लिए अलग से रहेगा स्पेस



*24 घंटे खुली रहेगी लाइब्रेरी : नालंदा पार्ट-1 लाइब्रेरी की तरह पार्ट-2 लाइब्रेरी विद्यार्थियों के लिए 24 घंटे खुली रहेगी। 1200 पुस्तकों को रखने के लिए अलग से जगह बनाई जाएगी। साथ ही ऐसे युवा, जो कंप्यूटर पर अपना कोई प्रोजेक्ट लेकर कार्य करना चाहते हैं, उनके लिए को-वर्किंग स्पेस की सुविधा रहेगी। परिसर में अलग-अलग खेलकूद के लिए स्पोर्ट्स जोन भी रहेगा, जिसमें पढ़ाई के बाद फिटनेस के लिए युवा अपने पसंद के खेल का आनंद भी उठा सकेंगे।*

- पैवेलियन शेप में बना ड्राइंग डिजाइन
- शहर के मध्य 1 हजार सीटर सर्वसुविधा लाइब्रेरी

### हाईटेक लाइब्रेरी की देंगे सौगात



युवाओं को अपना कॅरियर बनाने और अध्ययन के लिए सर्वसुविधा के साथ हाईटेक लाइब्रेरी नगर निगम सीमा क्षेत्र में दिए जाने नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। इससे एक हजार युवाओं को शहर के मध्य 24 घंटे लाइब्रेरी की सुविधा मिलेगी। निगम बजट में इसका प्रावधान किया गया है।

**- मीनल चौबे**, महापौर

## खबर संक्षेप



### छग झेरिया यादव समाज की आमसभा 29 जून को रायगढ़ में

**रायपुर।** सामाजिक भवन में सोमवार को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई। बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 29 जून को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का आमसभा रायगढ़ में होगी। साथ ही समाज के संगठन 5066 के समानांतर संगठन के साथ बैठक करने वाले सदस्य-पदाधिकारियों कर उनके विरुद्ध आमसभा में निंदा पारित किया जाने का निर्णय लिया गया है। समाज के निर्णय नहीं मानने वाली समिति का संबद्धता समाप्त की जाएगी। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के पंजीयन उपयोग करने वाले तहसील ब्लाक परिक्षेत्र समिति प्रतिवर्ष संबद्धता और 10% राशि प्रदेश समिति को संबद्धता शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। समाज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने की। बैठक में जगतराम यादव, सुकालूराम यदु, आरडी यादव, भगत सिंह यादव, सुंदरलाल यादव, जीआर यादव, राजू यादव, रामलाल यादव, ठाकुरराम यादव, हेमकांत यादव, पंचराम यादव, रिखीराम यादव, त्रिभुवन यादव, पीतांबर यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मोदी को पेंशनर्स की समस्याओं से अवगत कराएंगे

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन, पेंशनर्स फोरम की प्रांतीय बैठक में पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अवगत कराने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स फोरम के प्रदेश संयोजक बीपी शर्मा ने बताया कि फोरम की बैठक राजपत्रित अधिकारी संघ कार्यालय, शंकर नगर में रखी गई। प्रदेश के विभिन्न पेंशनर संघ के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने विचार व्यक्त किए। **इन समस्याओं पर चर्चा :** महंगाई राहत धारा 49(6) के तहत मध्यप्रदेश से सहमति लेने की बाध्यता को समाप्त की जाए। महंगाई राहत के साथ एरियर्स भुगतान केंद्र सरकार के समान किया जाए। प्रदेश में लंबित पेंशन प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही सेवानिवृत्ति तिथि पर समस्त स्वत्वों का भुगतान अनिवार्य रूप से किया जाए। पेंशनरों को उपचार के लिए कैशलेस सुविधा अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए।

### बंगाली कालीबाड़ी समिति का समर कैम्प शुरू

**रायपुर।** कालीबाड़ी चौक, बंगाली कालीबाड़ी परिसर में समिति द्वारा समर कैम्प का आयोजन 26 मई से किया जा रहा है, जो एक माह तक चलेगा। इसका समय शाम 6 से 8 बजे तक रखा गया है। कैम्प में बांग्ला लिखना, पढ़ना, बोलना, बांग्ला गीत-संगीत, नृत्य, कविता पाठ, एंकरिंग, बांग्ला साड़ी रेपिंग के अलावा और भी कई प्रकार की कलाओं से सभी का परिचय कराया जाएगा। इस समर कैम्प को महुआ मजूमदार एवं उनकी टीम द्वारा निर्देशित किया जाएगा।

### 20वीं जेडयूआरसीसी की बैठक में सदस्यों ने नई ट्रेन सुविधा की उठाई मांग

# ट्रेनों को रद्द करने से सांसद नाराज, रींवा गोंडवाना एक्सप्रेस का विस्तार भी मांगा

**अमृत भारत स्टेशन योजना की धीमी रफ्तार पर भड़के सांसद**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोन मुख्यालय में सोमवार को 20वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की पहली बैठक हुई। बैठक में दो सांसदों समेत कुल 19 सदस्य शामिल हुए। इसमें यात्रियों से जुड़े जनहित के मुद्दों और सुविधाओं में सुधार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत में ही सांसदों ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे स्टेशनों के निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जताई। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्टेशन पुनर्विकास कार्य बहुत धीमी रफ्तार से चल रहे हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

सांसद श्री बघेल ने ट्रेनों के बार-बार रद्द होने का मुद्दा भी उठाया और अधिकारियों से स्पष्ट जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि पटरियों के रखरखाव या अन्य कारणों से यदि ट्रेनें रद्द करनी हों तो इसकी जानकारी कम से कम 10 दिन पहले दी जानी चाहिए, ताकि यात्रियों को परेशानी न हो। राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी इन बातों का समर्थन करते हुए यात्रियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए समाधान की बात कही। बैठक में सदस्यों ने ट्रेनों के विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशन विकास की गति बढ़ाने और सूचना तंत्र को दुरुस्त करने जैसे कई अहम सुझाव रखे।



### गोंडवाना को हरिद्वार तक चलाने का सुझाव

बैठक में सांसदों और समिति सदस्यों ने गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक चलाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि रायपुर से सीधे हरिद्वार जाने कोई ट्रेन वर्तमान में नहीं है, जिससे यात्रियों को असुविधा होती है। इस मांग को देखते हुए गोंडवाना एक्सप्रेस को हरिद्वार तक बढ़ाया जाना जनहित में होगा। साथ ही रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग क्षेत्र में बड़ी संख्या में आंध्रप्रदेश से जुड़े लोग निवास करते हैं, जिन्हें सफर के लिए उपयुक्त ट्रेन सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में आंध्रप्रदेश के लिए एक नई सीधी ट्रेन शुरू करने का सुझाव भी समिति में रखा गया।

### दुर्ग से रीवा एक्सप्रेस चलाने की मांग

बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस को दुर्ग व रायपुर से चलाने को लेकर सदस्यों ने मांग रखी। लंबे समय से इसी मांग की जा रही है। बैठक में मांग रखी गई कि रीवा जाने के लिए दुर्ग और रायपुर से कोई सीधी ट्रेन नहीं है। ऐसे में बिलासपुर तक आने वाली ट्रेन को रायपुर या फिर दुर्ग तक विस्तारित किया जाए। समिति के सदस्य दीपक शर्मा ने सुझाव दिया कि अगर ट्रेन का मेंटेनेंस रीवा में होता है तो समय बचेगा और परिचालन का विस्तार आसानी से हो सकेगा।

### सांसदों ने कहा- दौरे की सूचना नहीं दी जाती

बैठक में सांसदों ने रेलवे अधिकारियों पर यह कहते हुए नाराजगी जताई कि जब अधिकारी क्षेत्रीय स्टेशनों का निरीक्षण दौरा करते हैं तो इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जाती। जनप्रतिनिधियों को भी दौरे की जानकारी मिलनी चाहिए, ताकि वे भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकें और स्थानीय समस्याओं को सामने रख सकें। इस पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने आश्वासन देते हुए कहा कि आगे से डीआरएम के दौरे की सूचना साझा की जाएगी। बैठक को महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने संबोधित किया। इस दौरान उप महाप्रबंधक (सामान्य) एवं जेडआरयूसीसी के सचिव समीरकांत माथुर ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

# गैस पाइपलाइन बिछाने में लापरवाही, बारिश के समय दोबारा खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिले के आरंग क्षेत्र में गैस पाइपलाइन बिछाने का कार्य करीब सालभर पहले किया गया। इसके लिए कई किसानों की जमीन भी अधिग्रहित की गई है, जिसका अब तक मुआवजा नहीं मिल पाया है। एक ओर जहां किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है, वहीं दूसरी ओर ठेकेदारों की लापरवाही के कारण पाइपलाइन ठीक से बिछाए नहीं जाने के कारण अब दोबारा खेतों की खुदाई की जा रही है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि बारिश के सीजन में खेत में गड्ढे किए जा रहे हैं, वहीं खुदाई के बाद मिट्टी को भी खेत में डंप कर दिया है, जिसके कारण न केवल उन्हें खेती करने में दिक्कत होगी, बल्कि डंप मिट्टी हटवाने का खर्च भी उन्हें ही वहन करना होगा। केंद्र सरकार ने घर-घर पाइपलाइन कनेक्शन के माध्यम से गैस पहुंचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत नई योजना तैयार की है।

■ आरंग के तरपोंगी गांव का मामला



**जानकारी लेकर देंगे निर्देश :** खेतों में दोबारा खुदाई की जानकारी नहीं है। इस मामले में किसानों और ठेकेदार से बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

**- आशुतोष देवांगन**, एसडीएम, आरंग

### केस:1

तरपोंगी निवासी किसान बंशीदास मानिकपुरी ने बताया कि उनका खेत भी अधिग्रहित किया गया है। दोबारा खुदाई कर मिट्टी को खेत में ही डंप कर दिया है, जिससे खेती-किसानी में परेशानी होगी। जमीन अधिग्रहण का मुआवजा भी नहीं मिला है।

### केस:2

तरपोंगी निवासी किसान नीरज वर्मा ने बताया कि पाइपलाइन उसके खेत में भी बिछाई गई है, जिसका मुआवजा नहीं मिला है। दोबारा खेत में खुदाई कर मिट्टी को वहीं डंप कर दिया है।

# युक्तयुक्तिकरण के विरोध में शिक्षक, करेंगे मंत्रालय घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षक संगठनों का कहना है कि सरकार द्वारा युक्त युक्तिकरण के नाम पर एक बार फिर शिक्षा के अधिकार अधिनियम से छेड़छाड़ की जा रही है। सेटअप 2008 का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे सभी 23 शिक्षक संगठनों में आक्रोश पनप रहा है। अब 28 मई को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक तूता धरनास्थल में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद रैली की शक्ल में शिक्षक मंत्रालय का घेराव करने निकलेंगे।

■ सभी 23 संगठनों के शिक्षकों ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

नवा रायपुर में होने वाले विरोध-प्रदर्शन को लेकर सोमवार को 23 शिक्षक संगठनों के प्रदेश अध्यक्षों ने मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में संयुक्त रूप से पत्रकारवार्ता ली। इसमें केदार जैन, मनीष मिश्रा, वीरेंद्र दुबे ने बताया कि पिछले सत्र में भी सेटअप से छेड़छाड़ का प्रयास किया हुआ था।



इसे देखते हुए विरोध के बाद युक्त युक्तिकरण को स्थगित किया गया था। उस समय तय किया गया था कि जब स्कूलों में युक्त युक्तिकरण किया जाएगा, तब सभी शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक बुलाकर सहमति बनाने के बाद ही सेटअप को लागू किया जाएगा। इसके बाद भी बिना सहमति बनाए गर्मी की छुट्टी में ही इसे लागू करने का प्रयास किया जा रहा है।

***चार बिंदुओं पर शिक्षक रखेंगे मांग***

*संजय शर्मा, विकास राजपूत और कृष्ण कुमार नवरंग ने बताया कि विरोध-प्रदर्शन और घेराव के दौरान युक्त युक्तिकरण को तत्काल रद्द करने, क्रमोन्नत वेतनमान, प्रथम सेवा गणना कर पुरानी पेंशन सहित सभी लाभ देने सहित चार बिंदुओं पर अपनी मांग रखने वाले हैं। इसमें व्याख्याता एवं प्राचार्य पदोन्नति के लिए बीएड प्रशिक्षित अनिवार्य किया है। जबकि कई वर्षों से यह नियम रहा है कि पदोन्नति के लिए बीएड, डीएड दोनों मान्य है। हम मांग करेंगे कि पदोन्नति के लिए बीएड की अनिवार्यता को खत्म करके दोनों को मान्य किया जाए।*

# छत्तीसगढ़ में किसानों ने अब तक उठाई 20% खाद कृषि मंत्री नेताम ने कहा- बीज की भी कमी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस समय प्री-मानसून की बारिश शुरू होने के साथ ही राज्यभर में खेती-किसानी की गतिविधियां तेज हो रही हैं। यह सीजन आते ही सबसे पहले रासायनिक खाद और बीज की मांग तेज होने के साथ इसकी कमी की शिकायतें भी सामने आने लगती हैं। इसी बीच कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा है कि खरीफ सीजन 2025 के लिए रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य 14 लाख 62 हजार मीट्रिक टन है, जिसके विरुद्ध अब तक 8 लाख 48 हजार 604 मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों का भण्डारण तथा एक लाख 68 हजार 255 मीट्रिक टन का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जो कि भण्डारण की मात्रा का 20 प्रतिशत है। किसानों को अब तक 47 हजार क्विंटल से अधिक बीज का वितरण किया गया है।

कृषि मंत्री ने यह बात सोमवार को बीज निगम कार्यालय में मीडिया से चर्चा के दौरान कही। इससे पहले उन्होंने एक संक्षिप्त कार्यक्रम में राज्य के 28 जिलों को नवीन बोलेरो वाहन की सौगात देने की साथ ही उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन नवीन वाहनों का उपयोग विभागीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं का फील्ड में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही किसान हितैषी कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर संचालक कृषि राहुल देव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

*इतना है खाद का भंडार : मंत्री श्री नेताम ने बताया कि राज्य में मार्कफेड के डबल लॉक, सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र को मिलाकर वर्तमान में कुल 3 लाख 90 हजार 840 मीट्रिक टन यूरिया, 86,046 मीट्रिक टन डीएपी, 1,14,539 मीट्रिक टन एनपीके, 67,640 मीट्रिक टन पोटाश तथा 1,89,539 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट उपलब्ध है। किसानों को समितियों और निजी क्षेत्रों के माध्यम से खाद का वितरण लगातार किया जा रहा है। अब तक किसानों को 84,661 मीट्रिक टन यूरिया, 27,045 मीट्रिक टन डीएपी, 18,809 मीट्रिक टन एनपीके, 10,359 मीट्रिक टन पोटाश तथा 27,381 मीट्रिक टन सुपर फॉस्फेट का वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में विभिन्न प्रकार की 6,80,350 मीट्रिक टन रासायनिक खाद राज्य में किसानों के वितरण हेतु उपलब्ध है।*

■ कृषि मंत्री रामविचार नेताम की मीडिया से चर्चा



*बीज की भी कमी नहीं : मंत्री श्री नेताम ने बताया कि खरीफ सीजन की विभिन्न फसलों के लिए 4 लाख 95 हजार 57 क्विंटल बीज की डिमांड को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा 4 लाख 29 हजार 535 क्विंटल बीज की उपलब्धता है। समितियों में 2 लाख 31 हजार क्विंटल से अधिक बीज का भण्डारण है। समितियों के माध्यम से किसानों को अब तक 47 हजार 881 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है।*

### किसान जागरूकता के लिए होगा काम

मंत्री श्री नेताम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों के हित में कई योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसका लाभ किसानों को मिले, इसके लिए किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनको इसका लाभ उठाने के लिए जागरूक करने का काम विशेष रूप से किया जाएगा। किसान जागरूकता शिविरों में इस वाहन के माध्यम से विशेषज्ञ अधिकारियों की टीम गांव-गांव पहुंचेगी और किसानों को उन्नत तकनीक एवं आधुनिक खेती की जानकारी देगी। जिलों को वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित होने से विभागीय कामकाज में तेजी आएगी।

# व्यापम ने रोका राज्य पात्रता परीक्षा का रिजल्ट, अधर में फंसे अभ्यर्थी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा के अभ्यर्थी पिछले 11 महीने से परीक्षा देने के बाद रिजल्ट के इंतजार में हैं। व्यापम की अनदेखी से अभ्यर्थी भ्रम का शिकार हो रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा नियंत्रक से रिजल्ट को लेकर जब सवाल किया जाता है तो हमें धमकाते हुए कहा जाता है कि जितनी देर मुझसे सवाल करेंगे, रिजल्ट में उतना ही विलंब किया जाएगा। इसकी शिकायत अब सीएम विष्णु देव साय सहित सभी जिम्मेदारों से की जाएगी। राजधानी के मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब में सोमवार को अभ्यर्थियों ने पत्रकारवार्ता में उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभी तक परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इससे परीक्षा देने वाले एक लाख 35 हजार अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है। अभ्यर्थी नम्रता सिंह, क्षमता सिंह व भावेश चंद्राकर ने बताया कि इस अन्याय के खिलाफ हरसंभव प्रयास किया गया। व्यापम कार्यालय में बार-बार ज्ञापन सौंपा, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री को निवेदन पत्र भेजा, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी दिया गया। इसके बाद कहीं से भी स्पष्ट उत्तर नहीं मिला। छग पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित होने से भी सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र में न केवल गेस्ट फैकल्टी की नियुक्ति संभव होगी, बल्कि सहायक प्राध्यापक की नियमित भर्ती में भी अवसर मिलेगा। इसे देखते हुए अब हम मुख्यमंत्री सहित सभी मंत्रियों से मिलेंगे।

■ छत्तीसगढ़ नेट, सेट, पीएचडी अभ्यर्थी संघ ने लगाई गुहार

# छत्तीसगढ़ भाजयुमो में 'अंडर 35' को ही मिलेंगे पद, नहीं चलेंगे ओवरएज

- पिछली बार ओवरएज की नियुक्ति को लेकर हो चुका है विवाद
- जिलाध्यक्षों को लेकर भी 60 साल की उम्र सीमा का ध्यान रखा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन में अगले माह भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी तो इसमें भारतीय जनता युवा मोर्चा के नए अध्यक्ष की भी नियुक्ति होगी। इसके बाद जहां भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी बनेगी, वहीं जिलों में भी भाजयुमो के अध्यक्ष तय होंगे।

इस बार तय है कि संगठन चुनाव में जिस तरह से मंडल अध्यक्ष के लिए 45 साल और जिलाध्यक्ष के लिए 60 साल के उम्र की बाध्यता थी, उसी तरह से भाजयुमो अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के लिए अंडर 35 साल की बाध्यता रहेगी। पिछली बार प्रदेश भाजयुमो की कार्यकारिणी में ओवरएज को पदाधिकारी बनाने के कारण बड़ा विवाद हुआ था। ओवरएज को बाहर करने की भी तैयारी थी, लेकिन ऐन समय पर भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी के बदले जाने के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। भाजपा का राष्ट्रीय संगठन इस बार भाजपा संगठन के चुनाव को लेकर बहुत गंभीर है। बीते साल सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद प्रदेश संगठन के चुनाव हुए तो इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि किसी भी हाल में मंडलों के अध्यक्षों की उम्र 45 साल से ज्यादा न हो। कुछ स्थानों पर तो जिनके नाम का समर्थन भाजपा के दिग्गज नेताओं ने किया था, उनकी उम्र ज्यादा होने के कारण उनको भी अध्यक्ष नहीं बनाया गया। इससे साफ है कि भाजपा इस बार कितनी गंभीर है। इसी तरह से जिलाध्यक्षों को लेकर भी 60 साल की उम्र सीमा का ध्यान रखा गया।



### अंडर 35 ही बनेंगे पदाधिकारी

यह बात तय है कि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष की कमान जिनको दी जाएगी, उनकी उम्र 35 साल से अंदर ही होगी। पिछली बार भी पहले अमित साहू को अंडर 35 होने के कारण अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन भाजयुमो की प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर बड़ा विवाद हुआ। भाजपा के दिग्गज नेताओं के कहने पर कार्यकारिणी में कुछ ओवरएज नेताओं को पद दे दिए गए, लेकिन इसकी शिकायत उस समय की प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी तक गsई तो उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी के साथ पूरे प्रदेश के जिलाध्यक्षों की कुंडली भी बनवा ली। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी के साथ कुछ जिलों के अध्यक्षों को भी बाहर करने की तैयारी हो गई थी, लेकिन डी. पुरंदेश्वरी के प्रदेश प्रभारी के पद से हटने के बाद अंततः यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पिछली बार के विवाद को देखते हुए इस बार प्रदेश संगठन ने पूरी सावधानी रखने का फैसला किया है। ऐसे में तय है कि इस बार भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के साथ जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में अंडर 35 पर ही फोकस होगा।

# 80 से ज्यादा स्पॉ सेंटर्स पर पुलिस की दबिश, बाहर से आई युवतियों के दस्तावेज-आईडी की जांच भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी की पुलिस शहर में संचालित अलग-अलग इलाकों में संचालित 80 से ज्यादा स्पॉ सेंटर की जांच करने पहुंची। स्पॉ सेंटर में आकर काम करने वाली सभी लड़कियों के आईडी कार्ड तथा दस्तावेजों की जांच की गई। इनमें संदिग्ध गतिविधि में कितनी लड़कियां शामिल हैं, पुलिस ने अब तक इसकी कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी है।

स्पॉ सेंटर में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि रोकने के उद्देश्य से एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर एएसपी सिटी लखन पटले, एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर, एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते, एएसपी आईसीयूडब्ल्यू ममता देवांगन के नेतृत्व में नौ राजपत्रित पुलिस अफसरों की टीम स्पॉ सेंटर की जांच करने निकली। पुलिस को कई स्पॉ सेंटर को लेकर शिकायतें मिल रही थीं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जांच की गई।



# राज्यभर के पटवारी उतरे खेतों में, हर दिन पांच बटांकन करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**रजिस्ट्री में सुधार के बाद रकबा अपडेट करने जिला प्रशासन का फरमान**



खास खबर

नक्शा बटांकन के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें पटवारियों को प्रतिदिन कम से कम 5 प्रकरणों का निराकरण करना है। सभी राजस्व अधिकारियों को इसे लक्ष्य मानकर तेजी से निराकरण करने कहा है। जिला कलेक्टरों के आदेश के बाद पटवारी खेतों में उतरकर तेजी से कार्य करने में लगे हैं। अब लक्ष्य को लेकर पटवारी अवकाश के दिनों में भी अपने कार्यालय में कार्यों का निपटारा करते देखे गए हैं। रजिस्ट्री के साथ नामांतरण तत्काल करने के प्रावधान के बाद यह आदेश जारी किया गया है। रजिस्ट्री में आने वाली दिक्कतों को दूर करने पहले हर पटवारी हल्के में रकबे का बटांकन जरूरी है। तभी आवेदन आने पर नामांतरण जल्द हो पाएगा। प्रदेश में कई पटवारी हल्के ऐसे हैं, जिनके रकबे का बटांकन वर्षों से नहीं होने के कारण विवाद बढ़ता जा रहा है। विवादित प्रकरणों को छोड़कर अन्य प्रकरणों में नक्शा और बटांकन अपडेट करने के निर्देश हैं। बढ़ते लंबित राजस्व प्रकरणों के कारण जिलों में बड़ी संख्या में प्रकरण वर्षों से पड़े हैं।

### रजिस्ट्री कराने बटांकन जरूरी

जमीन रजिस्ट्री को लेकर नक्शे का बटांकन करने का आदेश जारी कर दिया गया है। पहले जमीन खरीदने के लिए सिर्फ चौहद्दी (उक्त जमीन के चारों तरफ जिनकी जमीन उसकी रिपोर्ट) बना ली जाती थी। इसके आधार पर सीधे जमीन की रजिस्ट्री कर दी जाती थी। इसमें कई बार विवाद की स्थिति आने के कारण इसके नियमों में बदलाव कर दिया गया। अब जमीन की चौहद्दी के साथ नक्शे का बटांकन भी करना होगा। तभी इसकी रजिस्ट्री हो पाएगी।

### जमीन की पहचान में मदद

नक्शा बटांकन कराने से लोगों को कई लाभ मिलते हैं। यह भूमि संबंधी विवादों को कम करने, बैंक लोन और रजिस्ट्री जैसे कार्यों को सरल बनाने और जमीन के टुकड़ों की सटीक पहचान में मदद करता है। नए आदेश से तहसीलदारों और पटवारियों की समस्या बढ़ गई है, क्योंकि बटांकन करने में उन्हें काफी दिक्कत होगी।

### इन मामलों में तेजी लाने के निर्देश

विवादित एवं अविवादित नामांतरण, विवादित एवं अविवादित बंटवारा, नक्शा बटांकन, व्यपवर्तन, अभिलेख शुद्धता, आरबीसी 6-4, स्वामित्व योजना, आधार प्रविष्टि, भू-अर्जन, वसूली आदि प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए नक्शा बटांकन के कार्य में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने निर्देश दिए। साथ ही न्यायालयवार ई-कोर्ट की प्रगति, डायवर्सन, आधार सीडिंग, भू-अर्जन के प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनशिकायत और कलेक्टर जनदर्शन के आवेदनों पर भी कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### महापौर ने किया पानी टंकी का लोकार्पण

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने आम्रपाली सहकारी गृह निर्माण सोसायटी में संस्था के सदस्यों के साथ नवनिर्मित पानी टंकी का लोकार्पण किया। संस्था के सदस्यों द्वारा 40 हजार लीटर क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आईएन सिंह ने की। इस मौके विशेष अतिथि एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, एनआरके चंद्रवंशी और जोन-10 अध्यक्ष सचिन मेघानी उपस्थित रहे। आम्रपाली सोसायटी में चार दशक पूर्व बनी पुरानी पानी टंकी की जर्जर अवस्था के संभावित खतरे को ध्यान में रखकर तथा पेयजल की सुगम व्यवस्था बनाए रखने के लिए नई पानी टंकी का निर्माण किया गया है। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि सदस्यों के सामूहिक प्रयास से हमने विकास कार्यों के संकल्प को पूरा किया है।

### जब्बार नाला सफाई अभियान का किया निरीक्षण

रायपुर। निगम आयुक्त विश्वदीप ने रानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्षेत्र में स्थित जब्बार नाला की बारिश पूर्व सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने वार्ड पार्षद देवदत्त द्विवेदी से चर्चा की। आयुक्त ने जोन कमिश्नर संतोष पांडे को जब्बार नाला क्षेत्र में संकरी पुलिया को आवश्यकता के अनुरूप चौड़ा करने और गंदे पानी की निकासी कराने के निर्देश दिए। साथ ही जोन से प्रस्ताव तैयार कर भेजने के लिए कहा।

### देवी अहिल्या बाई होल्कर की जीवनी पर व्याख्यान

**रायपुर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के परिप्रेक्ष्य में जोन-1 के खमतराई स्थित कार्यालय के समीप व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान रहवासियों ने देवी अहिल्या बाई होल्कर के जीवन प्रसंगों पर आधारित पहलुओं की जानकारी दी। जोन कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी और कार्यपालन अभियंता डीके पैकरा, गजाराम कंवर के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम रखा गया।

### दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें



रायपुर। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की गौरेला-पेंड्रा में स्थापित मूर्ति को तोड़कर खंडित कर दिया गया, जिसकी हम घोर निंदा करते हैं और प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

## पेज 11 के शेष

### ट्रक से बैटरी...

के माध्यम से सूरज ढाबा के पास खड़ी ट्रक से बैटरी चोरी की थी और घटनास्थल से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 9,000 मूल्य की एक ट्रक बैटरी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 आर 2783 बरामद की है। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### फाइव डे वर्किंग...

है तो उसे सभी विभागों में विशेष रूप से लिपिक संवर्ग एवं राजस्व विभाग में शीघ्र नई भर्तियां करनी चाहिए। दुबे ने यह भी बताया कि वर्तमान में कर्मचारी पांच दिनी कार्य प्रणाली में भी देर रात तक कार्य करते हैं, जिससे शासकीय कार्यों का संचालन सुचारु रूप से हो पाता है। ऐसे में इस व्यवस्था को समाप्त करना न केवल अनुचित, बल्कि कर्मचारी विरोधी कदम होगा।

संघ ने राज्य सरकार को सुझाव दिया है कि सभी कैडरों में शीघ्र नई भर्तियां कर कार्यभार को संतुलित किया जाए, न कि कर्मचारियों की सुविधाओं को समाप्त कर उनके मनोबल को गिराया जाए।

## यात्रा बजरंग चौक से सदर बाजार, सराफा बाजार होते हुए नगर भवन में संपन्न हुई

# ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में जिले में निकाली तिरंगा शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में ऑपरेशन सिंदूर के सम्मान में बलौदाबाजार जिले में भव्य 'तिरंगा शौर्य यात्रा' का आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक यात्रा राष्ट्रवादी मातृशक्तियों के नेतृत्व में नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई नगर भवन में सम्पन्न हुई।

शौर्य यात्रा की शुरुआत नगर के बजरंग चौक से हुई, जो सदर बाजार, सराफा बाजार होते हुए नगर भवन पहुंची। यहां आयोजित सम्मान सभा में बड़ी संख्या में जनसमूह और राष्ट्रभक्त नागरिकों की उपस्थिति देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयघोष और देशभक्ति नारों के साथ हुआ।

सभा को पूर्व सैनिक गुलशन मोहन मेहता, सुनील वर्मा, टीकेश्वरी पटेल, सुलोचना यादव सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत संयोजक बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद ऋषि मिश्रा ने राष्ट्रभक्ति और मातृशक्ति की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा, राष्ट्र की आत्मा उसके अंतिम नागरिक में बसती है, और मातृशक्ति उसके संस्कारों की वाहक होती है।

कार्यक्रम में मातृ शक्ति की जिला संयोजिका आरती सराफ, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका ममता टिकरिहा एवं सह-संयोजिका किरण साहू सहित अन्य महिला नेतृत्वकर्ताओं रजनी केशरवानी, लता सोनी, सुनीता वर्मा, दीप्ति केसरीवानी, कल्पना पवार, मनीषा यादव आदि की उल्लेखनीय भागीदारी रही।

नगर व जिले से बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, गणमान्य नागरिक एवं पूर्व सैनिकों ने इस राष्ट्रभक्ति यात्रा में भाग लिया। समापन अवसर पर भारत माता की आरती की गई और संकल्प लिया गया कि राष्ट्र के सम्मान और अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन रजनी राजनारायण केशवानी और आभार प्रदर्शन आरती सराफ ने किया।



## सुशासन तिहार में विकास कार्यों पर मुहर लगने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम पंचायत मोहरा में 28 मई को आयोजित होने वाले सुशासन शिविर को लेकर ग्रामीणों में उत्साह है। वर्षों से बुनियादी सुविधाओं से वंचित इस क्षेत्र के लोगों को अब शासन से उम्मीदें बंधी हैं। मुख्य मुद्दा मोहरा से कठिया, मोहरेगा होते हुए खरोरा तक के सड़क मार्ग की मरम्मत को लेकर है, जिसकी हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क मार्ग इस क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवागमन की दृष्टि से रीढ़ की हड्डी जैसा है, परंतु इस पर लंबे समय से कोई मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। बरसात के मौसम में यह मार्ग पूरी तरह जलमग्न हो जाता है, कई स्थानों पर लगभग 1 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा के कारण बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, मरीजों को अस्पताल ले जाना मुश्किल हो जाता है और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि वे सुशासन शिविर के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे।

ग्रामीणों एवं व्यापारियों द्वारा एक सामूहिक ज्ञापन तैयार किया गया है, जिसे शिविर के दौरान संबंधित अधिकारियों को सौंपा जाएगा। उनकी मांग है कि सड़क की शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान हो सके। आज आयोजित होने वाले सुशासन शिविर मोहरा ग्रामवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसमें वे वर्षों से चली आ रही बुनियादी समस्याओं को सामने रखकर समाधान की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

## 5 साल बाद सरिया 52 से 53 हजार रुपए टन, तीन साल पहले 80 हजार थे दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**मानसून में डिमांड और कम होने की संभावना**



मानसून आने से पहले ही प्रदेश में सरिया के दाम निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। पांच साल बाद इस समय सरिया के दाम 52 से 53 हजार रुपए टन हैं। इसके पहले 2019 में इतने दाम थे। तीन साल पहले तो इतिहास में पहली बार सरिया के दाम 80 रुपए टन तक गए थे, फिर इसके बाद दाम कम हुए, लेकिन इतने ज्यादा कम नहीं हुए। ज्यादातर समय सरिया के दाम 60 हजार के आसपास ही रहे हैं, पर अब दाम कम हो गए हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि अन्य राज्यों से डिमांड कम आ रही है। इसकी वजह से प्रदेश के उत्पादकों ने 30 फीसदी तक उत्पादन कम कर दिया है। आने वाले समय में उत्पादन और कम हो जाएगा, क्योंकि मानसून के कारण डिमांड में और गिरावट आएगी।प्रदेश में इस समय सरिया की बेसिक कीमत 38 हजार रुपए है। इसमें पांच से छह हजार रुपए एमएम के हिसाब से अंतर के जुड़े हैं। ऐसे में 10 और 25 एमएम के सरिया के दाम 44 हजार रुपए हैं। इसमें 18 फीसदी जीएसटी के करीब दो हजार लगते हैं, यानी दाम 52 हजार रुपए टन हुए। इसी तरह से 8 से 32 एमएम के दाम 45 हजार रुपए हैं। इसमें जीएसटी के आठ हजार को मिलाकर दाम 53 हजार रुपए है।

■ डिमांड कम होने से उत्पादन भी 30 फीसदी घटाया

### 80 हजार के पार गए थे दाम

सरिया के दाम इतिहास में पहली बार तीन साल पहले 2022 में 80 हजार के पार गए थे। 2021 से दाम बढ़ने का क्रम प्रारंभ हुआ था, जो 2022 मार्च में 80 हजार के पार तक गया था। इसके बाद दाम कम होने प्रारंभ हुए और एक साल बाद दाम 55 हजार के करीब पहुंचे, लेकिन फिर से दाम बढ़ने लगे। 2023 और 2024 में भी दाम 55 हजार से कम नहीं हुए, लेकिन अब दाम 55 हजार से कम होकर 53 हजार पर आ गए हैं।

### रोज 20 हजार टन का उत्पादन

प्रदेश में स्पंज आयरन और सरिया का करीब 20 हजार टन का उत्पादन होता है। सरिया का उत्पादन पूरी तरह से स्पंज आयरन पर निर्भर है। राजधानी रायपुर में ही रोज 12 से 13 हजार टन सरिया का उत्पादन होता है। पूरे प्रदेश में यह उत्पादन 20 हजार टन के आसपास होता है। इस समय डिमांड कम होने के कारण स्पंज आयरन के साथ सरिया का उत्पादन भी 30 फीसदी तक कम हो गया है, यानी इस समय रोज 14 हजार टन के आसपास ही सरिया बन रहा है। प्रदेश में बनने वाले सरिया की डिमांड दूसरे राज्यों में ज्यादा रहती है। दूसरे राज्यों में छत्तीसगढ़ से उत्पादन का 70 फीसदी सरिया जाता है। 30 फीसदी की खपत ही अपने राज्य में होती है।

## शहर कांग्रेस ने मनाई पं. नेहरू की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शहर कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि स्थानीय नेहरू चौक में मनाई। कांग्रेसजनों ने नेहरू चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया।

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर ने पं. नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़कर उन्होंने देश के आजादी की लड़ाई लड़ी। कई बार जेल यात्रा की देश में पं. नेहरू औद्योगिक क्रांति के जनक माने जाते हैं पं. नेहरू किसानों, युवाओं के लिए अनेक कार्य किये। अविभाजित मध्य प्रदेश में भिलाई स्टील प्लांट को स्थापित करने में पं. नेहरू का योगदान रहा , जिससे वर्तमान छत्तीसगढ़ राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े साथ ही देश में छत्तीसगढ़ को स्टील उद्योग में नई पहचान मिली एवं पं. नेहरू एक अच्छे विचारक व लेखक रहे उन्होंने भारत एक खोज जैसी रचना लिखी।

श्रद्धांजलि सभा में शहर कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मनोज प्रजापति, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, नपा नेता प्रतिपक्ष सलमान शेख, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र वर्मा, रविंद्र नामदेव, अर्जुन सेन, आयुष भतपहरी, सुनील चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बाल व्यक्तित्व विकास शिविर 2 जून से

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को देखते हुए एवं उज्ज्वल भविष्य की संरचना के लिए बाल व्यक्तित्व विकास शिविर समर कैंप 2 से 8 जून 2025 तक स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित की जाएगी। शिविर का समय प्रातः 8 से 10 बजे तक रखा गया है। कक्षा 6वीं से 12वीं के विद्यार्थी इस समर कैंप का निशुल्क लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेवाकेंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति ने बताया कि इस कैंप के मुख्य आकर्षण जैसे जीवन मूल्य शिक्षण आकर्षक उपहार बच्चों को दी जाएगी।

## छत्तीसगढ़ में टी-3 मॉडल को आधार मानते हुए रखेंगे मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, नीति आयोग की बैठक में हमने विकसित छत्तीसगढ़ के लिए एक विजन डॉक्युमेंट रखा। 2047 तक छत्तीसगढ़ को 75 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनाना हमारा लक्ष्य है।

छत्तीसगढ़ में टी-3 मॉडल को आधार मानते हुए आने वाले समय में छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव रखने का काम करेंगे। दिल्ली दौरे से लौटने के बाद संवाददताओं से चर्चा में उन्होंने कहा, बैठक में छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की सबने तारीफ की है। प्रधानमंत्री से भी इस दौरान मुलाकात हुई। उन्होंने नक्सल ऑपरेशन जो छत्तीसगढ़ में हुए हैं, उसकी सफलता की बधाई दी। दूसरे दिन मुख्यमंत्री परिषद की बैठक हुई। जो नवाचार होते हैं, उसे साझा करते हैं। जो अच्छे काम होते हैं, उसे दूसरे प्रदेश में अडॉप्ट करते हैं। इस बैठक में विशेष रूप से यही होता है। बस्तर के क्षेत्र को विकास से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री परिषद में हमने बातें रखीं।

### 1650 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले



श्री साय ने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान 1650 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मिला है, जिसमें मेदांता हॉस्पिटल के साथ ही अन्य कंपनियों के प्रस्ताव मिले हैं, इससे छत्तीसगढ़ को लाभ होगा।

## भागवत कथा में कथाकार ने कहा मनुष्य अपने चरित्र को संवारने की चिंता करें

# इंसान की सुंदरता शरीर से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और वाणी से होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन





ग्राम मोहरा में वर्मा परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के पांचवें दिन भागवत आचार्य पं. नंदकुमार शर्मा ने ईश्वर के अवतार पर व्याख्या करते हुए कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, तब तब भगवान का किसी न किसी रूप में अवतार होते हैं। जिससे असुरों का नाश होता है और अधर्म पर धर्म की विजय। भगवान चारों दिशाओं के कण-कण में विद्यमान हैं। इन्हें प्राप्त करने का मार्ग मात्र सच्चे मन की भक्ति है।

उन्होंने कहा कि संस्कारों के बिना कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं है। इंसान की सुंदरता शरीर से नहीं, बल्कि उनके चरित्र और वाणी से होती है। इसीलिए व्यक्ति को अपनी वाणी और चरित्र की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति में बाहरी सुन्दरता के साथ-साथ आन्तरिक सुन्दरता होना भी आवश्यक है।उन्होंने कहा कि मनुष्य की सुंदरता का आकलन उनकी वाणी, विचार और स्वभाव से होता है। किसी भी इंसान को महान बनाने में उसकी सोच और विचारधारा अधिक महत्त्वपूर्ण होती है, ना की उसका शरीर। आचार्य शर्मा ने कहा कि नर हो या नारी सभी अपने सांसारिक चित्र को संवारने में लगे हैं, चरित्र को संवारने की चिंता किसी को नहीं है। ईश्वर हमारे शरीर की सुंदरता को नहीं देखते, वह तो इंसान की भावना और चरित्र को देखता है। उन्होंने कहा कि सुंदर होना कोई बुरी बात नहीं, परंतु शरीर सुंदर होने के साथ-साथ हमें एक अच्छा इंसान भी बनना चाहिए।

### हमारे संस्कार हमें अंदर से सुंदर बनाते हैं

चरित्र अच्छा हो और सीधा-साधा मन हो तो आप सबको जीत सकते हैं। हमारे संस्कार हमें अंदर से सुंदर बनाते हैं और इन संस्कारों के बिना तो हमारी ऊपरी सुंदरता किसी काम की नहीं है। इंसान का रंगरूप आज नहीं तो कल उसका साथ छोड़ ही देता है। उम्र के साथ साथ आपके चेहरे की रंगत बदल जाती है। आचार्य ने भगवान राम के जन्म की कथा बतायी और कहा कि आज समाज के लोगों के आचरण में जो मिलावट आई है ऐसे में भगवान राम के आचरण से हमें पवित्रता की सीख लेनी चाहिए। किसी भी मुश्किल परिस्थिति में भगवान राम ने अपना धैर्य नहीं खोया है। उन्होनें हर परेशानी में धैर्य से काम लिया है इसलिए हमें भगवान राम की तरह जीवन की हर मुसीबत में शांति से कार्य करना चाहिए।भगवान श्री राम ने कभी भी नियति को बदलने की कोशिश नही की,जो नियति में लिखा हुआ है हमें वह स्वीकार करना चाहिए क्योंकि नियति से कोई भी नही जीत सकता।

### कृष्ण जन्मोत्सव में झूम उठे श्रद्धालू

राम सिर्फ एक आदर्श पुत्र ही नहीं, आदर्श पति, भाई और राजा भी थे, जो व्यक्ति संयमित, मर्यादित और संस्कारित जीवन जीता है, निःस्वार्थ भाव से उसी में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के आदर्शों की झलक परिलक्षित हो सकती है। धर्म रक्षा हेतु ईश्वर का अवतार होता है. आगे आचार्य जी भगवान कृष्ण के जन्म की कथा बतायी। कृष्ण जन्म की कथा में कथा पंडाल मे बैठे सभी श्रद्धालूगण गदगद और रोमांचित होकर कृष्ण जन्मोत्सव में झूम उठे। दयाराम यदु, गिरवर प्रसाद वर्मा, कृतराम वर्मा, दयावती वर्मा, सविता वर्मा, सनत वर्मा, राधा वर्मा, उदय वर्मा, सागर वर्मा, ओमप्रकाश रोहित वर्मा, फुलेश्वरी, रामेश्वरी, ममता वर्मा, ललित वर्मा, बंटी शंकर वर्मा, साहनी वर्मा, अशोक वर्मा, शारदा वर्मा, हितेंद्र राधिका, घणाराम वर्मा, अनुसुइया देवेंद्र वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, निर्मल वर्मा उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी
जिला - बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

**ईश्तहार**

क्रमांक / / ना. तह. / वा. / 2025
सण्डी, दिनांक 19/05/2025
रा.प्र.क्र. अ / 6 (अ) वर्ष 2024-25
प.ह.नं. 39 ग्राम भालूकोना तहसील पलारी

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिमलाबाई पिता खोरबाहरा जाति कुर्मी निवासी भालेसुर तहसील सिमगा कास्तकार ग्राम भालूकोना तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम भालूकोना प.ह.नं. 39 स्थित भूमि कुल ख.नं. 03 कुल रकबा 0.312 हे. भूमि एकल खाता के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि में से खसरा नं. 374 रकबा 0.077 हे. भूमि को पटवारी भू राजस्व रिकार्ड में बी-1 खसरा में त्रुटिवश / भूलवश दर्ज किया गया है। असत्य व त्रुटिपूर्ण है। उक्त भूमि की ऋण पुस्तिका व नामांतरण पंजी में उक्त खसरा 374 रकबा 0.077 हे. भूमि दर्ज है जो सत्य व सही है। उक्त भूमि ख.नं. 374 रकबा 0.077 हे. भूमि को बी-1 खसरा आनलाईन तथा संपूर्ण राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा आवेदनमय बी-1 खसरा, नक्शा, नामांतरण पंजी की कापी, रजिस्ट्री बैनामा की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक 10/06/2025 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सण्डी/पलारी

# नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबका दायित्व : अश्वनी

**ब्रह्माकुमारी के सम्मान समारोह में अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर में स्वच्छता बनाये रखने अपील की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय भाटापारा द्वारा आयोजित भव्य सम्मान समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में सहभागिता की। नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने हेतु मेरी प्राथमिकताएं विषय पर केंद्रित इस कार्यक्रम में नगर के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया।

अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा नगर की सफाई केवल एक प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक सामूहिक संकल्प है। जब हम राजयोग से भीतर शांति प्राप्त करते हैं, तो बाहरी स्वच्छता भी हमारे व्यवहार में स्वतः परिलक्षित होती है। स्वच्छता और आत्मिक सशक्तिकरण मिलकर समाज को नई दिशा प्रदान कर सकते हैं।

उन्होंने इस प्रेरणादायक आयोजन के लिए ब्रह्मकुमारी संस्था की संपूर्ण टीम का आभार प्रकट किया और इसे सामाजिक उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। समारोह में नगरवासी, ब्रह्मकुमारी परिवार के सदस्य एवं अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता, नारीशक्ति, आध्यात्मिक उन्नयन और सामाजिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला गया।



### स्वच्छता व सकारात्मक सोच को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया

समारोह का उद्देश्य आध्यात्मिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में राजयोग ध्यान, आध्यात्मिक अनुभूति, स्वल्पाहार और सारगर्भित वक्तव्यों के माध्यम से स्वच्छता व सकारात्मक सोच को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

## सुशासन तिहार : 86 हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री वितरण

# समाधान शिविर में 549 हितग्राही लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार






सुशासन तिहार के अंतर्गत पलारी विकासखंड के ग्राम संकरी प में आयोजित समाधान शिविर में जनसमस्याओं के निराकरण एवं विकास योजनाओं की सौगातें मिली। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे।

शिविर में अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों की मांग पर ग्राम पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 के भवन निर्माण एवं मिडिल स्कूल में तीन अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की स्वीकृति की घोषणा की। उपस्वास्थ्य केंद्र की मांग पर उन्होंने परीक्षण के उपरांत उचित कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनता के विश्वास पर खरी उतर रही है। राज्य सरकार ने जनता से किए वादों को पूरा किया है और हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध है।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा 549 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया, वहीं 86 हितग्राहियों को योजनाओं के तहत सामग्री वितरित की गई। इसमें कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, शिक्षा एवं आवास योजनाएं प्रमुख रहीं। किसानों को केसीसी कार्ड, किसान किताब आदि का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। साथ ही सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# फोटो से खबर को प्रदर्शित करना अच्छे पत्रकार की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

■ महाविद्यालय में पत्रकारिता पर इंटर्नशिप कार्यक्रम में व्याख्यान जारी

एक अच्छी खबर को 200 शब्दों में लिखने के बजाय एक फोटो फीचर से प्रदर्शित करना खबर के लिए एक अच्छी कला होती है। उक्त बातें शासकीय महाविद्यालय लवन में चल रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान व्याख्यान माला में विद्यालय के प्राध्यापक अजय मिश्रा ने व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा अच्छी खबर पत्रकार फोटो फीचर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, इससे खबर की रोचकता बढ़ जाती है। श्री मिश्रा ने कहा कि आज समाचार की अहमियत दिनों दिन बढ़ती जा रही है। समाचार की परिभाषा भेद फोटो पृष्ठ सज्जा, फोटो पत्रकारिता के विषय पर विस्तार से भी चर्चा की। इस बीच विद्यालय के एमए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों को संबोधित करते हुए हिंदी के वरिष्ठ व्याख्याता जयप्रकाश खुटे ने कहा कि समाचार संकलन हेतु आवश्यक सामग्री के लिए पहले एक समय था, फोटो के बजाय चित्रांकन से खबरें प्रस्तुत की जाती थी। आज इंटरनेट कंप्यूटर लैपटॉप के माध्यम से मोबाइल के जरिए फोटोग्राफी का स्कोप इतना बढ़ गया है कि प्रत्येक वर्ग के पास फोटो फीचर के लिए अवसर मिल जाता है, जहां घटना हुई कि तुरंत कैमरे के माध्यम से लोगों द्वारा वायरल हो जाती है।

# आंबा में बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा एवं देखभाल के लिए ईसीसीई मेला लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

आंगनबाड़ी शिक्षिका मेला पतंग एक नई उमंग नाम का आयोजन नगर के सांस्कृतिक भवन में किया गया। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अज़ीम प्रेमजी फॉउंडेशन के संयुक्त प्रयास से हुआ। यह मेला आंगनबाड़ी में प्रांरभिक शिक्षा एवं देखभाल पर केंद्रित था, जिसमें लगभग 190 विजिटर थे तथा 52 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विभिन्न कार्नर का संचालन कर रहे थे। जिसमें शारीरिक विकास, रचनात्मक, सामाजिक भावनात्मक, बौद्धिक, भाषाई, सौंदर्यबोध, पोषण, विभागीय योजना जैसे कॉर्नर पर ढेरों गतिविधियों के बेहतरीन डेमो प्रदर्शन देखने को मिला। मेला में सभी भ्रमण करने वाले खुद गतिविधयों को करके देखे। इस पूरे प्रक्रिया की एक मुख्य बात रही कि यह मेला पूरे तरह से गतिविधि पर आधारित था, यानी बच्चों के साथ आंगनबाड़ी में सम्पूर्ण विकास पर कार्य कैसे हो, जिसकी रंग बिरंगी झलक इन कोनों में दखने को मिली। इनमें आंगनबाड़ी की टीचर्स की मेहनत, गतिविधियों की तैयारी देखते बनती थी। फाउंडेशन से आभास सर ने कहा कि यह बस शुरुआती पहल हैं जिसमें अभी सीखने सिखाने और आंगनबाड़ी में सुचारू रूप से गतिविधियों के होने का दौर आने वाले दिनों में कहीं बेहतर दिखने की संभावनाएं हैं सभी आंगनबाड़ी टीचर्स और उनके सुपरवाइजर इसमें एक बेहतर समझ के साथ आगे बढ़ रहें होंगे ।

### सुपरवाइजर ने कुशल निर्वाहन किया

मेले में लगे कार्नर भ्रमण में एसडीम सिमगा अंशुल वर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी श्रेष्ठ संभलकर साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला प्रमुख प्रकाश, आभास, अंकित ने स्टाल्स का भ्रमण किया। फॉउंडेशन की पूरी टीम ने संचालन में अहम सहयोग निभाई जिसका नेतृत्व परिजोजना के 9 सुपरवाइजर ने जम्मिेदारी पूर्वक कुशल निर्वाहन किया। मौके पर एसडीएम वर्मा ने आयोजन के महत्व पर बात रखते हुए कहा कि ऐसे जरूरत अनुसार किये जाने वाले आयोजन वास्तव में जमीनी स्तर पर कार्य को दिशा देते हैं। साथ ही परियोजना अधिकारी ने सभी आईसीडीएस सुपरवाइजर तथा फॉउंडेशन की जलि के अलग अलग विकासखंड से आई टीम का धन्यवाद दिया।

# आजीविका गतिविधियों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ बेहतर संचालन व आय सृजन पर दिया जोर



कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को विकासखंड भाटापारा अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत गुडेलिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कार्यालय तथा स्व-सहायता समूहों द्वारा संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का निरीक्षण किया और महिलाओं को इन गतिविधियों के बेहतर संचालन एवं अधिक आय सृजन पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने नारी शक्ति संगठन द्वारा संचालित फ्लाई एश ईंट निर्माण, चैनलिंक फेंसिंग, पेवर ब्लॉक एवं चप्पल निर्माण जैसी आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने गतिविधियों की संचालन प्रक्रिया, लेखा संधारण, आय-व्यय विवरण तथा श्रमिकों को दिए जा रहे पारिश्रमिक के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने उत्पादों की गुणवत्ता की भी जांच की।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गांव में स्थित फिटनेस क्लब, पंचायत भवन और पुस्तकालय का भी भ्रमण किया। पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से संवाद करते हुए उन्होंने नवप्रेरणा कोचिंग और यूट्यूब जैसी डिजिटल शिक्षण माध्यमों का अधिक से अधिक लाभ लेने की सलाह दी।नारी शक्ति संगठन की कोषाध्यक्ष संतोषी ध्रुव ने जानकारी दी कि ग्राम गुडेलिया में आजीविका गतिविधियों का संचालन वर्ष 2023 से किया जा रहा है।

संगठन में 25 स्व-सहायता समूहों की लगभग 247 महिलाएं सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। प्रत्येक पांच दिन में कार्यरत महिलाओं का रोटेशन किया जाता है और हर सप्ताह लगभग 3 से 4 हजार की आय प्राप्त होती है, जिसे आपस में समान रूप से वितरित किया जाता है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच संकेत अग्रवाल, डीईओ हिमांशु भारतीय, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने किया वट सावित्री व्रत पति के दीर्घायु की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



क्षेत्र में वट सावित्री व्रत श्रद्धा और विधि-विधान से मनाया गया। वटवृक्ष के पास सभी महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा सामग्री के साथ एकत्रित हुईं। उन्होंने वटवृक्ष की परिक्रमा करते हुए विधिपूर्वक पूजा, पाठ, व्रतकथा श्रवण और आरती की। इसके पश्चात महिलाओं ने वटवृक्ष की जड़ में जल अर्पित कर मनोकामना पूर्ति और पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की।

विदित हो कि वट सावित्री व्रत की मूल कथा महाभारत में वर्णित सावित्री और सत्यवान की कथा से जुड़ी है। देवी सावित्री ने यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा के लिए वटवृक्ष के नीचे कठोर तप और व्रत किया था। उनकी अटूट श्रद्धा और समर्पण से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान को जीवनदान दिया। तभी से यह व्रत अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। वटवृक्ष को भी विशेष महत्व प्राप्त है। इसे त्रिदेवों का प्रतीक माना गया है जड़ में ब्रह्मा, तने में विष्णु और शाखाओं में भगवान शिव का वास है। अतः वटवृक्ष की पूजा करने से एक साथ तीनों देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वट सावित्री व्रत भारतीय संस्कृति में स्त्री की श्रद्धा, समर्पण और अपने परिवार के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। यह पर्व न केवल पौराणिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखता है, बल्कि समाज में नैतिक मूल्यों और पारिवारिक संबंधों की अहमियत को भी उजागर करता है।

# डीडीनगर कॉलोनी के मकान फ्री होल्ड करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अंतर्गत बनाए गए मकान फ्री होल्ड करने की मांग को लेकर यहां के संरक्षक राधेश्याम गोयल ने सुशासन तिहार जोन 5 के दफ्तर में ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर श्री गोयल ने बताया कि डीडीनगर हाउसिंग बोर्ड द्वारा यहां के नागरिकों को मकान 25 साल की लीज पर आवंटित किए गए थे और उनकी लीज की तिथि 3 साल में खत्म होने वाली है, इस संबंध में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड में कॉलोनीवासियों ने आवेदन दिया था, लेकिन अधिकारी द्वारा यह कहा गया है कि आपकी जमीन के रिकॉर्ड के संबंध में एसडीएम ऑफिस में आवेदन लगाया गया था, परंतु वहां कहा गया कि आपका कार्य पटवारी ऑफिस में होगा, पटवारी ऑफिस में हाउसिंग बोर्ड के नाम में दर्ज करने के संबंध में काफी समय से यहां पर आवेदन किया गया है, परंतु डीडीनगर क्षेत्र के पटवारी हाउसिंग बोर्ड के नाम में प्रकरण दर्ज नहीं करने के कारण यहां के निवासियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डीडीनगर क्षेत्र के पटवारी ऑफिस में लगाए गए आवेदन का तुरंत निराकरण कर अपने रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज किए जाने की मांग की है, ताकि डीडीनगर कॉलोनी के मकान फ्री होल्ड हो सकें।

## जन शिक्षण संस्थान ने आयोजित किया सम्मान समारोह

# व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को मिला प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी





जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षण केंद्र पलारी, बलौदी और गिधपुरी के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं के सम्मान में आत्मानंद विद्यालय पलारी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर अतुल सिंह, पूर्व एल्डरमैन शेर खान, शक्ति दास गुरुजी, संजय बंजारे एवं महेश गायत्री उपस्थित थे। इन सभी विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति में समारोह संपन्न हुआ।

जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे कंप्यूटर ऑपरेटर कोर्स, असिस्टेंट ड्रेस मेकर, सिलाई, बिजली, पलंबर इत्यादि के सफल प्रतिभागियों को इस अवसर पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

मुख्य अतिथि पिंटू वर्मा ने कहा, प्रतिभाएं हर क्षेत्र में विद्यमान हैं। आवश्यकता है उन्हें पहचानने, अवसर देने और प्रोत्साहित करने की। कौशल शिक्षा के माध्यम से हम समाज में सक्षम कार्यबल तैयार कर सकते हैं जो संगठनात्मक सफलता में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर अतुल सिंह ने बताया कि संस्थान द्वारा युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम जैसे कंप्यूटर, सिलाई, कढ़ाई, इलेक्ट्रिकल टेक्नीशियन, ब्यूटी पार्लर, बांस शिल्प आदि स्थानीय आवश्यकताओं और युवाओं की रुचि के अनुसार संचालित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर संध्या, प्रियंका, प्रताप, हिमांशु, तरुण, ललित, कला, मेनका, रोशन, रानू, आरती, खिलेश्वरी, पुरुषोत्तम, अलका, योगिनी, वर्षा, इंदु, समीर, खुशबू, मीनाक्षी, सत्यवती, मंजू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### खरोरा में मनाई गई शनि देव की जयंती

**महासमुंद।** इंदिरा नगर खरोरा के शनि देव मंदिर में भगवान शनि देव की जयंती मनाई गई। इस मौके शनि देव की विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। हितेंद्र महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में शनि जयंती पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन शनि देव की विधिवत पूजा करते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार शनि जंयती इस साल 27 मई को मनाई गई। इस ही ज्योतिष शास्त्र में शनि देव को न्याय का देवता कहते हैं अर्थात यह व्यक्ति के उसके कर्मों के अनुसार ही फल देते हैं, जिन लोगों के कर्म अच्छे होते हैं उन्हें शनिदेव से डरने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं होते है। मान्यताओं के अनुसार, कुछ लोगों ने शनि जयंती के दिन शनिदेव के लिए व्रत भी रखते हैं। इस दौरान गांव खरोरा के सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर,रामा, लता, चंद्रिका, नारायण, पवन, सीता, पार्वती, रुकमणी, सरिता, नरेश ,संजय, उमा, पन्ना लाल, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### प्रथम सेमेस्टर के लिए आनलाइन आवेदन की हुई शुरुआत

**महासमुंद।** शैक्षणिक शास्त्र 2025-26 के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल 24 मई से प्रारंभ हो गया है। जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के एनईपी प्रभारी तरूण कुमार बांधे ने बताया कि 12 वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी (कंप्यूटर साइंस), बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते हैं वे विश्वविद्यालय के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से आवेदन किए जा रहे हैं। महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें, बी कॉम प्रथम सेमेस्टर 90 सीटें, बीएससी (कंप्यूटर साइंस) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें है। बीएससी (गणित) प्रथम सेमेस्टर 60 सीटें महाविद्यालय में है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पश्चात विश्वविद्यालय के आगामी आदेशों के बाद उक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। यह जानकारी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल ने दी।

### पंजीकृत श्रमिकों को डीबीटी से मिलेगा योजना लाभ

महासमुंद। छग भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण प्रणाली (डीबीटी) के माध्यम से 17 सितंबर 2024 से प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का लाभ केवल उन्हीं श्रमिकों को मिल सकेगा जिनका बैंक खाता आधार से लिंक होगा। वर्तमान में कई पंजीकृत श्रमिकों का आधार एवं बैंक खाता विवरण श्रमिक पंजीयन कार्ड में उपलब्ध नहीं है अथवा उनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है, जिससे डीबीटी में बाधा उत्पन्न हो रही है। श्रम विभाग ने ऐसे श्रमिकों से अपील की है।

### युवती के बैंक खाते से अज्ञात व्यक्ति ने की धोखाधड़ी

महासमुंद। नगर की एक युवती के बैंक अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर रकम आहरण किए जाने के मामले में कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया वामिनी सिंह गौर निवासी वार्ड नं. 10 ने एफआईआर में बताया कि साल 2022 से उसका खाता भारतीय स्टेट बैंक महासमुंद में संचालित है, जिसमें उसने अपना यूपीआई आईडी बनाया हुआ है। दिनांक 10/08/2024 से 15/02/2025 तक किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अलग-अलग यूपीआई के माध्यम से धोखाधडी पूर्वक से उसके बैंक खाते से लेनदेन किया जा रहा है। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अब तक उसके खाते से लगभग 55 हजार रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामले अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

